अपेक्षा गैस एक व्यवहार्य विकल्प नहीं हो सकती ।

एल०पी०जी० कनेक्शन दिये जाने में विलंब

2922. **श्री राम सिंह राठवा :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 31 दिसम्बर, 1993 तक उन व्यक्तियों को अभी तक एल.पी.जी. कनेक्शन नहीं दिये गये हैं जिन्होंने पांच वर्ष पूर्व पंजीकरण कराया था;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में नियम क्या हैं ; और

(ग) राज्य-वार किस-किस दिनांक तक के पंजीकरण धारकों को एल पी जी कनेक्शन दे दिये गये हैं और उनका ब्यौरा क्या है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) :(क) और (ख) नये एल. पी.जी. कनेक्शन डिस्ट्री-ब्यूटर के पास उपलब्ध गुंजाइश, प्रतीक्षा सूची और उत्पाद उपलब्धता को ध्यान में रखते हुये डिस्ट्रीब्यूटर को आबंटित नये उपभोक्ता पंजीयन के आधार पर संबंधित डिस्ट्रीब्यूटर के पास पंजीकरण के क्रम के अनुसार प्रतीक्षा सूची में सम्मि-लित व्यक्तियों को दिये जाते हैं । कनेक्शनों का दिया जाना पंजीयन अवधि पर आधा-रित नहीं है ।

(ग) प्रतीक्षा सूची में शामिल व्यक्तियों का निपटान पेरे देश में बाजार दर बाजार और डिस्ट्रीब्यूटर दर डिस्ट्रीब्यूटर अलग-अलग होता है । राज्य-वार कोई एक रूप स्थिति नहीं है ।

अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों के लिये एल.पी.जी. डिस्ट्रीब्यूटर-शिप का कोटा

2923. **श्री राम सिंह राठवा :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अनुसूचित जनजातियों और अनुसूचित जातियों को एल.पी.जी. की डिस्ट्रीब्यूटरशिप निर्धारित कोटे के अनुरुप आबंटित नहीं की गई है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) 31 दिसम्बर, 1993 तक की स्थिति के अनुसार इस डिस्ट्रीब्यूटर-शिप के लिये राज्य-वार कितना कोटा निर्धारित है और उसमें से कितने प्रतिशत डिस्ट्रीब्यूटरशिप अनुसूचित जातियों और जनजातियों को आबंटित की गई हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा):(क) से (ग) मौजूदा नीति के अनुसार तेल चयन बोर्डों के माध्यम से आबंटित की जाने वाली पेट्रोलियम उत्पादों की सभी डीलरशिपों/डिस्ट्रीब्यूटरशिपों का 25% प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के लिये आरक्षित है । यह आरक्षण उन चार उत्तर पूर्वी राज्यों में लागू नहीं होता जहां निम्नलिखित पद्धति के आधार पर आरक्षण केवल अनुसूचित जन-जातियों को दिया गया है:–

अरूणाचल प्रदेश	70%
नागालैंड	80%
मिजोरम	90%
मेघालय	80%

आरक्षण प्रतिशत पूरा किया जा रहा है ।

Potential of natural and associate gas

2924. SHRIMATI ILA PANDA: Will the Minister of PETROLEUM